# वृक्षारोपण केवल फोटो के लिये नहीं करें : निंबाराम

## 'आज रोपा हुआ वृक्ष जीवित रहे यह संकल्प होना चाहिए'

- **अमृता देवी प्रकृति संवर्धन अभियान के तहत सघन वृक्षारोपण**
- **सैकड़ों मातृशक्ति ने किया प्रतापनगर मे एक दिन में 1000 वृक्षों का रोपण**

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक निंबाराम ने कहा कि हम वृक्षारोपण केवल फोटो के लिए नहीं करे। आज रोपा हुआ वृक्ष जीवित रहे इतनी चिंता और संकल्प हमारा होना चाहिए। मातृशक्ति अपने घरों के आगे अपने नाम से न्यूनतम एक वृक्ष लगाकर उसको पालने और हर साल उसका जन्मदिन मनाने का आज संकल्प ले। निंबाराम बुधवार को अमृता देवी प्रकृति संवर्धन अभियान के अंतर्गत प्रताप नगर सेक्टर 7 स्थित प्रज्ञासागर उद्यान में मातृशक्ति द्वारा आयोजित सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। निम्बाराम ने कहा कि देश हमें सब कुछ देता है हम भी देश को देना सीखे। हम केवल लेते रहे और देने की दिशा में कोई प्रयास नहीं हो तो यह कितने दिन चलेगा? एक दिन प्रलय को आना ही है। वायनाड इसका प्रत्यक्ष ताजा उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण को लेकर पूरे देश दुनिया में बड़ी चिंता है। पिछले 20 सालों में वनो को काटकर उन्हें कम किया गया जो निश्चित ही परेशान करने वाला विषय है। वृक्षारोपण कर इस परिदृश्य को बदलना होगा जिसमे हम सब की सक्रिय भूमिका चाहिए, विशेषकर उपस्थित मातृशक्ति की अहम है। वैसे भी आज अमृता देवी पर्यावरण का प्रतीक है। पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन की दिशा मे काम करनेवाले लोगो के लिए आज अमृता देवी प्रेरणास्त्रोत है। ऐसे ही उपस्थित मातृशक्ति अपने अपने क्षेत्र में सघन वृक्षारोपण कर इस कार्य को आगे बढ़ने का कार्य बेहतर तरीके से कर सकती है और देश मे कई स्थानो पर ऐसा कर भी रही है। यहा भी मातृशक्ति को ऐसा करने की निश्चित ही आवश्यकता है। इस अवसर पर उन्होने वृक्षों व पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वृक्षो की रक्षा हेतु अमृता देवी सहित 363 मातृशक्तियो के बलिदान को याद किया। साथ ही तुलसी-पीपल इत्थादि पौधों का वैज्ञानिक महत्व पर भी प्रकाश डाला।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता सुमन शेखावत रही। उन्होने भी पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन की दिशा में मातृशक्ति की अहम भूमिका पर अपनी सक्रिय जिम्मेदारी निभाने की बात कही।


मंचीय कार्यक्रम के बाद क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम द्वारा वृक्षारोपण कर वृक्षारोपण कार्य की शुरूआत की। इसके बाद उपस्थित सैकडों महिलाओं ने एक ही दिन मे 1000 वृक्षो का रोपण कर उनके पालन-पोषण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि विवेकानंद आश्रम के स्वामी एस.पी. आचार्य ने अंग्रेजी शब्द की व्याख्या करते हुए उसके पीछे छुपे संदेश को सबके सामने रखा। उन्होने कहा कि मानव को शब्द, क्रिया, विचार, चरित्र और स्वास्थ्य पर सतत वॉच रखना चाहिए। ऐसा करेगे तो हम सच्चे मानव बन सकेगे। उन्होंने यह भी कहा कि जो आप चाहते हैं उसे देना शुरू करिए। आप दुख चाहते हैं तो लोगो को दुख देना शुरू करिए और आप सुख चाहते हैं तो सुख देना शुरू करिए। जैसा आप देंगे वैसा ही आपको ईश्वर देगा।

## 2 साल के बच्चे की कस्टडी विधवा मां को देने के आदेश

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने 2 साल के बच्चे की कस्टडी के संबंध में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए उसकी कस्टडी दादा-दादी से लेकर विधवा मां को सौंपने के आदेश दिए हैं। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह और जस्टिस भुवन गोयल की खंडपीठ ने यह आदेश मां की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने माना कि नाबालिग संतान की मां उसकी सबसे पहले स्वाभाविक अभिभावक होती है। याचिकाकर्ता शिक्षित और आर्थिक रूप से सुदृढ़ है, जबकि दादा सिर्फ आठवीं पास है। वही उसके पास आय का नियमित स्त्रोत भी नहीं है। ऐसे में याचिकाकर्ता बच्चे का अच्छी तरह ख्याल रख सकती है। याचिका में कहा गया कि उसके पति की बीते दिनों कार दुर्घटना में मौत हो गई। इसके बाद याचिकाकर्ता को स्कूल व्याख्याता पद पर नियुक्ति मिली। ऐसे में वह अपने दो साल के बेटे को दादा-दादी के पास छोड़कर कार्य ग्रहण करने चली गई। वहीं बाद में उसे बच्चे की कस्टडी नहीं सौंपी गई।

# महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के लिए अंतिम वरीयता सूची जारी



**चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने बुधवार को महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के 3671 पदों पर अंतिम वरीयता सूची के लिये मंजूरी दी।**

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर की पहल पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में भर्तियों के काम को मिशन मोड में अंजाम दिया जा रहा है। इसी कड़ी में चिकित्सा मंत्री की मंजूरी के बाद बुधवार को महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के 3671 पदों पर अंतिम वरीयता सूची जारी की गई। इन महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का जल्द पदस्थापन होने से गांव-ढाणी तक स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूती मिलेगी।

अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान (शीफू) के माध्यम से 20 हजार से अधिक विभिन्न पदों पर भर्ती की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। इसी क्रम में महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के 4847 पदों में से 3671 पदों के लिए अंतिम वरीयता सूची को चिकित्सा मंत्री ने मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि इस भर्ती को पूरा करने के लिए शीफू द्वारा अंतरिम वरीयता सूची पर प्राप्त परिवेदनाओं का निस्तारण किया गया एवं अन्य राज्यों से व्यावसायिक योग्यता अर्जित करने वाले चयनित अभ्यर्थियों की अंकतालिकाओं का विभिन्न राज्यों में टीमें भेजकर सत्यापन करवाया गया। इसी प्रकार अभ्यर्थियों के अनुभव प्रमाण पत्रों का पुनर्सत्यापन, आर.एन.सी. पंजीयन का प्रमाणन आदि प्रक्रियाओं को अपनाते हुए 3671 पदों हेतु यह अंतिम वरीयता सूची जारी की गई।

# राज्यपाल ने सहकारी चुनाव सहित कई मुद्दों पर चर्चा की



**ऑल इंडिया कोआपरेटिव बैंक एम्पलाईज फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, ऑल राजस्थान कोआपरेटिव बैंक एम्पलाईज यूनियन के प्रांतीय महासचिव , सहकारी साख समितिया एम्प्लाईज यूनियन के प्रांतीय अध्यक्ष प्रदेश के सहकार नेता सूरज भान सिंह आमेरा ने आज राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े से शिष्ट मंडल के साथ राजभवन में मुलाक़ात की।**

## विशेष लेखा परीक्षक निलंबित

**जयपुर।** सहकारी विभाग ने शिवकुमार पेडीवाल (सहायक रजिस्ट्रार), विशेष लेखा परीक्षक, सहकारी समितियॉ, हनुमागढ़ को निलंबित किया गया है। उनके विरूद्ध राज्य सरकार की ओर से विभागीय जांच प्रक्रियाधीन है।

## शुभकामनाएं दीं

**जयपुर।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे, विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शिक्षक दिवस (5 सितम्बर) पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति और महान शिक्षक एवं विचारक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का स्मरण किया।

# केन्द्र सरकार की विशेष वित्तीय सहायता योजना में प्रदेश को मिले अधिकतम लाभ : भजनलाल शर्मा

- **'समय-सीमा का ध्यान रखते हुए योजना में निधि का उपयोग सुनिश्चित हो'**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि केन्द्र सरकार की विशेष वित्तीय सहायता योजना से होने वाले कार्यों को तय समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए, ताकि प्रदेश में बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए इस योजना का अधिकतम लाभ प्राप्त हो सके।

शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में केन्द्र सरकार की पूंजीगत निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि योजना के तहत प्राप्त होने वाली निधि का उपयोग 31 मार्च, 2025 तक ही किया जा सकता है। ऐसे में समय-सीमा का ध्यान रखते हुए इस राशि का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इस योजना के अंतर्गत पीएचडी, जल संसाधन विभाग की परियोजनाओं, पुलिस कार्मिकों के लिए आवास और यूनिटी मॉल के निर्माण के लिए पहली किस्त के रूप में प्राप्त राशि का शीघ्र उपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि दूसरी किस्त जल्द से जल्द जारी हो सके। उन्होंने आइकॉनिक टूरिस्ट सेंटर के चिन्हीकरण, पुराने वाहनों की स्क्रैपिंग, औद्योगिक विकास के लिए अपेक्षित नीतिगत सुधारों सहित अन्य बिंदुओं पर समीक्षा की। साथ ही, राज्य के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भू-सुधार, बुनियादी ढांचा परियोजनाओं से संबंधित बिंदुओं के लिए निर्धारित माइलस्टोन की पूर्ति करते हुए रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल एवं प्रमुख सचिव आलोक गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## सुकन्या खाते खोलने के लिए जयपुर में विशेष अभियान

**जयपुर,** (का.सं.)। सुकन्या समृद्धि खाता योजना के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय डाक विभाग जयपुर नगर मण्डल की ओर से वित्तीय वर्ष 2024-25 की अवधि को "सुकन्या समृद्धि महोत्सव" वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।

जयपुर नगर मण्डल के प्रवर अधीक्षक मोहन सिंह मीणा ने बताया कि बालिकाओं को आर्थिक संबल प्रदान करने के उद्देश्य से हमने जयपुर शहर के सभी डाकघरों में सुकन्या समृद्धि खाता खोलने का विशेष अभियान 1 सितंबर से 30 सितंबर के मध्य चला रखा है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत जयपुर शहर में अब तक 90 हजार से ज्यादा खाते हमने खोले हैं।

उन्होंने बताया कि हमने 10 वर्ष तक की प्रत्येक बालिका का सुकन्या खाता खोलने का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसमें विभागीय कर्मचारियों, पोस्टमैन साथियों द्वारा प्रत्येक घर, विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में संपर्क किया जा रहा है।

# परिवहन निरीक्षक के जयपुर और सिरोही में 6 ठिकानों पर ए.सी.बी. की छापेमारी

- **आरोपी के आवास की तलाशी के दौरान एसीबी को मालपुरा टोंक में 5 बीघा जमीन, अंबाबाड़ी शॉपिंग सेंटर में 5 मंजिला कॉम्पलेक्स, 30 किसान विकास पत्र, एफडीआर, 5.50 लाख के गहने, एक बैंक लॉकर व 9 बैंक खाते मिले हैं।**
- **ए.सी.बी ने परिवहन निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह चौहान के खिलाफ आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने का मामला दर्ज कर लिया है, अब कार्रवाई जारी है।**

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ए.सी.बी.) की विभिन्न टीमों ने जयपुर में कार्यवाही करते हुये सिरोही जिला परिवहन में कार्यरत मोटर वाहन निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह चौहान के विरूद्ध दर्ज आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने का मामला दर्ज किया। ए.सी.बी. ने आरोपी के जयपुर और सिरोही स्थित 6 ठिकानों पर छापेमारी कर तलाशी अभियान चलाया।

एसीबी महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी मुख्यालय को गोपनीय शिकायत प्राप्त हुई थी कि सुरेन्द्र सिंह चौहान, मोटर वाहन निरीक्षक, जिला परिवहन कार्यालय, सिरोही द्वारा अपने एवं अपने परिजनों के नाम से भ्रष्टाचार के साधनों द्वारा अपनी वैध आय से अधिक सम्पत्तियाँ अर्जित की गई है, जिनकी बाजार कीमत करोड़ों रुपयों से अधिक है।

इस शिकायत का ए.सी.बी. की इन्टेजिलेन्स शाखा द्वारा शिकायत का गोपनीय सत्यापन किया जाकर आय से अधिक सम्पत्तियां अर्जित का मामला बनना पाये जाने पर प्रकरण दर्ज किया गया। एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस रणधीर सिंह के सुपरवीजन में ए.सी.बी. की विशेष अनुसंधान विंग (एस.आई.डब्ल्यू.) इकाई, जयपुर के उप अधीक्षक पुलिस सुरेन्द्र पंचौली, अनुसंधान अधिकारी के नेतृत्व में सक्षम न्यायालय से तलाशी वारंट प्राप्त करके बुधवार अलसुबह आरोपी के जयपुर और सिरोही स्थित 6 विभिन्न ठिकानों पर तलाशी की कार्रवाई की गई।

आरोपी सुरेन्द्र सिंह चौहान के जयपुर स्थित आवास की तलाशी में 5 आवासीय-व्यावसायिक भूखण्डों के दस्तावेज (जिनमें मालपुरा टोंक में करीब 48 लाख रुपये कीमत की 8 बीघा कृषि भूमि, अम्बाबाड़ी शॉपिंग सेंटर में पाँच मंजिला व्यावसायिक परिसर प्रमुख हैं), करीब 6 लाख रुपये मूल्य के 30 किसान विकास पत्र, एफडीआर, लगभग 5.50 लाख रुपये कीमत के सोने चांदी के आभूषण एवं वाहन मिले हैं। इसके अतिरिक्त 1 बैंक लॉकर एवं 9 बैंक खाते तथा विदेश यात्राओं से संबंधित दस्तावेजात भी मिले हैं।

एसीबी के प्राथमिक आंकलन, प्रथम सूचना रिपोर्ट और अब तक मिले दस्तावेजों के अनुसार आरोपी सुरेन्द्र सिंह चौहान द्वारा करोड़ों रुपये की बाजार कीमत की अनेक परिसम्पत्तियां अर्जित करने का अनुमान है, जो उनकी वैध आय से आनुपातिक रूप से कहीं अधिक है। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में ए.सी.बी. की विभिन्न टीमों द्वारा आरोपी के ठिकानों पर तलाशी अभियान जारी है। मामले में ए.सी.बी द्वारा आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने के प्रकरण में अग्रिम अनुसंधान किया जावेगा।

## फर्जी दस्तावेज से जेडीए पट्टा लेकर बेचने करने वाली गैंग गिरफ्तार

**जयपुर।** रामनगरिया थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जेडीए पट्टा प्राप्त कर भूखंड बेचने गिरोह के दो शातिर बदमाश अजय पारीक निवासी जगतपुरा जयपुर और अनूप चौधरी उर्फ गुड्डू निवासी रामनगरिया जयपुर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मामला दर्ज होने के बाद से ही पुलिस से बचने के लिए राजस्थान के बाहर फरारी काट रहे थे। इन लोगों के पास खर्चे के रुपये खत्म हो जाने पर अपने परिचितों से रुपये लेने के लिए जयपुर आए तो पुलिस को सुराग मिलते ही पकड़ लिया। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि फर्जी दस्तावेज बना कर जेडीए पट्टा जारी करवाने में कई लोगों के नाम सामने आए है।

# मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में सजाई मोदकों की भव्य झांकी



**मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में मनाए जा रहे गणेश जन्मोत्सव में बुधवार को मोदकों की भव्य झांकी सजाई गई। झांकी का मुख्य आकर्षण 251-251 किलोग्राम के दो विशाल मोदक रहे।**

- **गणेश चतुर्थी पर मंदिर में दर्शनों के लिए बैरिकेटिंग लगाने का कार्य अंतिम चरण में**

**जयपुर।** मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में मनाए जा रहे गणेश जन्मोत्सव के अंतर्गत बुधवार को महंत कैलाश शर्मा के सान्निध्य में मोदकों की भव्य झांकी सजाई गई। झांकी का मुख्य आकर्षण 251-251 किलोग्राम के दो विशाल मोदक रहे। इन दोनों के अलावा 51-51 किलोग्राम के 5 मोदक, 21-21 किलोग्राम के 21 मोदक, 1.25-1.25 किलोग्राम के 1100 मोदक प्रथम पूज्य के दोनों ओर थाल में जमाकर रखे थे। हजारों की संख्या में अन्य छोटे मोदक रखे हुए थे। 2500 किलोग्राम घी, 3 हजार किलोग्राम बेसन, 9 हजार किलोग्राम शक्कर और करीब 100 किलोग्राम सूखे मेवों से तैयार मोदकों की खुशबू मंदिर के बाहर तक आ रही थी। बड़े मोदकों को विशेष पद्धित से तैयार किया गया। मोदकों की पीली आभा से मंदिर स्वर्णिम रंग से निखर उठा। मोदक झांकी के दर्शन सुबह 5 बजे से शुरू हो गए। शयन झांकी तक एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने विशेष झांकी के दर्शन किए। श्रद्धालुओं ने भी भक्तिभाव से मोदक का भोग लगाया। शाम को मोदक प्रसाद का निशुल्क भक्तों को वितरित किया गया। गणेशोत्सव की सुचारू दर्शन व्यवस्था के लिए बैरिकेटिंग लगाने का कार्य बुधवार को अंतिम चरण में चलता रहा। जेएलएन मार्ग से मंदिर तक बेरिकेटिंग लगाई गई है। वहीं चांदपोल गेट स्थित परकोटा गणेश मंदिर में चार दिवसीय गणेश चतुर्थी उत्सव का शुभारंभ बुधवार को गणेश जी महाराज की विशेष पूजा-अर्चना के साथ हुआ। जयकारों के साथ मंदिर शिखर पर नई ध्वजा फहराई गई। भगवान गणपति की फूल बंगला झांकी सजाकर 21000 लड्डूओं का भोग लगाया गया।

## कनक घाटी मंदिर में भी धूमधाम से मनाया जायेगा गणेश चतुर्थी उत्सव

**जयपुर।** ठिकाना मंदिर श्री गोविंद के मातहत आमेर रोड कनक घाटी स्थित मंदिर श्री गणेश जी महाराज में गणेश चतुर्थी महोत्सव सात सितंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। गोविंद देवजी मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि मंदिर सुबह पांच से रात्रि नौ बजे तक दर्शनों के लिए खुला रहेगा।

## अवैध निर्माण चिन्हित करके कार्रवाई करें उपायुक्त : सुराणा

- **प्रत्येक बुधवार को सभी जोन में अवैध निर्माणों पर की गई कार्रवाई के बारे में ली जायेगी जानकारी**
- **बारिश से जर्जर हुए मकानों को भी ध्वस्त करने के निर्देश**

**जयपुर** (कासं)। नगर निगम हैरिटेज आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बुधवार को अवैध निर्माण को लेकर सभी जोन अधिकारियों को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।

आयुक्त सुराणा के निर्देश के बाद बुधवार को हैरिटेज निगम के सभी जोन उपायुक्त, जोन अधिकारी, लैंड शाखा अधिकारी और सतर्कता शाखा के साथ बैठक की। बैठक में आयुक्त सुराणा ने हैरिटेज निगम क्षेत्र में अवैध निर्माण को चिन्हित कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया कि सभी जोन में अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई के संबंध में प्रत्येक बुधवार को रिपोर्ट ली जाएगी। वहीं मुख्यालय से रोजाना अवैध निर्माण पर कार्रवाई का निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने बारिश से जर्जर हुए मकानों को भी ध्वस्त करने के निर्देश दिए है।

## दुपहिया वाहन चुराने वाला गिरफ्तार

**जयपुर।** दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर मोहम्मद ऐजाज निवासी जवाहर नगर जयपुर को बजाज नगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपित ने दुपहिया वाहन बुलेट चोरी कर अपने दोस्त सलमान को दे दी। जहां ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के मामले में सलमान को गिरफ्तार कर उसके पास बुलेट जब्त की है।

## मुहाना थाने का कांस्टेबल पांच हजार रु. रिश्वत लेते गिरफ्तार



कांस्टेबल वी.पी. सिंह

**जयपुर।** ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की जयपुर नगर-चतुर्थ इकाई ने बुधवार देर रात कार्यवाही करते हुये मुहाना थाने के कांस्टेबल वी.पी. सिंह को परिवादी से 5 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

एसीबी महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी. बी. की जयपुर नगर चतुर्थ इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसके विरूद्ध दर्ज परिवाद में समझौता कराने एवं उनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं करने की एवज में आरोपी वीपी सिंह कानिस्टेबल, पुलिस थाना मुहाना, जयपुर आयुक्तालय द्वारा 5 हजार रुपये रिश्वत की मांग कर परेशान किया जा रहा है। जिस पर एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस डॉ. रवि के सुपरवीजन में एसीबी की जयपुर नगर-चतुर्थ इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलराम मीणा के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर बुधवार को पुलिस निरीक्षक रजनी मीणा और उनकी टीम ने ट्रेप की कार्रवाई करते हुए आरोपी कांस्टेबल को 5 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

## नाहरगढ़ की पहाड़ियों में लापता राहुल का 4 दिन बाद भी सुराग नहीं

- **डी.सी.पी. नॉर्थ राशि डोगरा डूडी के नेतृत्व में एसआईटी करेगी इस मामले की विस्तृत जांच**

**जयपुर।** राजधानी जयपुर के शास्त्री नगर क्षेत्र से नाहरगढ़ घूमने गए दो सगे भाईयों में आशीष का शव पुलिस को मिल चुका है, जबकि दूसरे युवक राहुल का 4 दिन बाद भी अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस और एस.डी.आर.एफ. की टीमें लगातार युवक को तलाश रही है।

ऐसे में अब एडिशनल पुलिस कमिश्नर कैलाश विश्नोई ने इस प्रकरण की जांच के लिए एस.आई.टी. का गठन किया है।

डी.सी.पी. नॉर्थ राशि डोगरा डूडी के नेतृत्व में एस.आई.टी. इस मामले की जांच करेगी।

## जयकारों के साथ नगर परिक्रमा

**जयपुर।** छोटी चौपड़ स्थित सीताराम मंदिर से बुधवार सुबह जयकारों के साथ सीताराम जी की 264 वीं नगर परिक्रमा शुरू निकाली गई। पंचरंगी ध्वज के नीचे सैंकडों पदयात्री सीताराम जी महाराज के जयकारों के साथ चारदीवारी के विभिन्न मंदिरों के दर्शनों के लिए रवाना हुए। मंदिर महंत नंदकिशोर शर्मा ने चन्द्रमोहन बटवाडा से ध्वज पूजन करवाया। परिक्रमा में करीब 250 श्रद्धालु शामिल हुए। लोगों ने श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की।